SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 05/08/2019

Q1. पश्चिमी अफ्रीकी देश गिनी की सरकार ने किसे अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया है?

क. नरेन्द्र मोदी

ख. स्मृति ईरानी

ग. रामनाथ कोविंद

घ. विराट कोहली

पश्चिमी अफ्रीकी देश गिनी की यात्रा पर गए भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को वहा की सरकार ने अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया है. रामनाथ कोविंद को दोनों देश के संबंधों की प्रगति तथा दोनों देशों में मित्रता और

साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए नैशनल ऑर्डर ऑफ मेरिट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है

Q2. भारत के किस शहर में अगले वर्ष 18 से 30 जनवरी तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तीसरे संस्करण का आयोजन करने की घोषणा की गयी है?

क. दिल्ली

ख. मुंबई

ग. कोलकाता

घ. गुवाहाटी

असम (मेजबान), भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा अगले वर्ष 18 से 30 जनवरी तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तीसरे संस्करण गुवाहाटी में आयोजित करने की घोषणा की गयी है. वर्ष 2018 में इसका आयोजन नई दिल्ली में किया गया था.

Q3. पाकिस्तान ने बंटवारे के कितने वर्ष की बाद हाल ही में ऐतिहासिक गुरुद्वारा चोवा साहिब को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया है?

क. 72 वर्ष

ख. 75 वर्ष

ग. 80 वर्ष

घ. 95 वर्ष

SarkariExam.com

पाकिस्तान ने हाल ही में बंटवारे के 72 वर्ष बाद हाल ही में ऐतिहासिक गुरुद्वारा चोवा साहिब को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया है. जिसका निर्माण 1834 में महाराजा रणजीत सिंह ने कराया था. ईटीपीबी के प्रवक्ता आमीर हाशमी ने कहा है गुरुद्वारा चोवा साहिब के दर्शन के लिए भारत और दुनिया के लोग आ सकते है.

Q4. भारतीय शिल्पकारों को बढ़ावा देने के लिए किस ई-कॉमर्स कंपनी ने समर्थ नामक पहल लांच की है?

क. पेटीएम

ख. फ्लिप्कार्ट

ग. अमेज़न

घ. स्नेपडील

ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिप्कार्ट ने भारतीय शिल्पकारों को बढ़ावा देने के लिए समर्थ नामक पहल लांच की है जिसमे भारतीय शिल्पकारों के द्वारा बनांये गए हस्तशिल्प से सम्बंधित सामान को इन्टरनेट पर बेचने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा.

Q5. मेडिकल करियर की शुरुआत करने वाली एक ब्रिटिश-भारतीय डॉक्टर ने भाषा मुखर्जी ने कौन सा ख़िताब जीता है?

क. मिस इंग्लैंड 2019

ख. मिस जापान 2019

ग. मिस ऑस्ट्रेलिया 2019

घ. मिस चाइना 2019

SarkariExam.Com

मेडिकल करियर की शुरुआत करने वाली एक ब्रिटिश-भारतीय डॉक्टर ने भाषा मुखर्जी ने हाल ही में मिस इंग्लैंड 2019 का ख़िताब जीता है. अब वे 69वीं मिस वर्ल्ड सौंदर्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी. जो की दिसंबर में आयोजित होगी.

Q6. अमेरिका की किस ई-कॉमर्स कंपनी ने पेटीएम मॉल में 5.59% हिस्सेदारी 16 करोड़ डॉलर में खरीदी है?

क. अमेज़न

ख. जेबी

ग. ईबे

घ. वालमार्ट

अमेरिका की ई-कॉमर्स कंपनी ईबे ने पेटीएम मॉल में 5.59% हिस्सेदारी 16 करोड़ डॉलर में खरीदी है. साथ ही पेटीएम मॉल की अलीबाबा की सिंगापुर स्थित कंपनी की पेटीएम मॉल में 30.15% हिस्सेदारी है.

Q7. टेलिकॉम कंपनी एयरटेल ने वर्ष 2020 के किस महीने तक पुरे भारत में 3G सर्विस बंद करने की घोषणा की है?

क. अप्रैल

ख. मार्च

ग. जुलाई

घ. दिसम्बर

SarkariExam.com

टेलिकॉम कंपनी एयरटेल ने हाल ही में मार्च 2020 तक पुरे भारत में 3G सर्विस बंद करने की घोषणा की है. एयरटेल ने 3G नेटवर्क को बंद करने की शुरुआत कोलकाता से कर दी है.

Q8. दक्षिण अमेरिकन फुटबॉल कन्फेडरेशन ने किस फुटबॉल खिलाडी पर तीन महीने का प्रतिबंध लगाया है?

क. क्रिस्टियानो रोनाल्डो

ख. लियोनल मेसी

ग. रोजर फेडरर

घ. नोवाक जोकोविच

दक्षिण अमेरिकन फुटबॉल कन्फेडरेशन ने हाल ही में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी पर भ्रष्टाचार के आरोप के चलते तीन महीने का प्रतिबंध लगाया है साथ ही उन पर 34.83 लाख रुपए (50 हजार डॉलर) का जुर्माना लगाया गया है.

Q9. बैंक आफ चाइना को भारत में बैंक सेवाएं देने की किसने हाल ही में अनुमति दी है?

क. भारतीय रिजर्व बैंक

ख. निति आयोग

ग. सुप्रीमकोर्ट

घ. केंद्र सरकार

SarkariExam.Com

भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में बैंक आफ चाइना को भारत में बैंक सेवाएं देने की अनुमति दी है. आरबीआई ने कहा है की बैंक आफ चाइना लि. को आरबीआई के नियमों का अनुपालन करना होगा. साथ ही रॉयल बैंक आफ स्कॉटलैंड के नाम को बदलकर 'नेटवेस्ट मार्केट पीएलसी' किया गया है.

Q10. सात्विक-चिराग की जोड़ी थाईलैंड ओपन के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली ______ भारतीय जोड़ी बन गयी है?

क. पहली

ख. दूसरी

ग. तीसरी

घ. चौथी

सात्विक-चिराग की जोड़ी थाईलैंड ओपन के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गयी है. सात्विक-चिराग ने सेमिफिनल के मुकबले में कोरिया के को सून ह्यून और शिन बीक च्योल की जोड़ी को 22-20 22-24 21-9 से हराया है.

Q11. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय शोध को बढ़ावा देने के लिए किस मिशन के तहत सामुदायिक शोध केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गयी है?

क. जिज्ञासा मिशन

ख. डिजिटल इंडिया मिशन

ग. अटल इनोवेशन मिशन

SarkariExam.Com

घ. मेक इन इंडिया

अटल इनोवेशन मिशन के तहत हाल ही में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय शोध को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक शोध केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गयी है. इस मिशन के तहत अटल टिंकरिंग लैब के लिए 8,800 स्कूलों और अटल इनक्यूबेटर प्रोग्राम के लिए 100 उच्च संस्थानों का चयन किया गया है.

Q12. एक शोध की मुताबिक, भारत के कितने प्रतिशत जिलो में कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार से बचने के लिए समिति का प्रावधान है?

क. 20 प्रतिशत

ख. 25 प्रतिशत

ग. 29 प्रतिशत

घ. 36 प्रतिशत

मार्था फेरेल फाउंडेशन और प्रिया फाउंडेशन के द्वारा किये गए एक शोध की मुताबिक, भारत के कुल 655 जिलों में से मात्र 29 प्रतिशत जिलो में कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार से बचने के लिए समिति का प्रावधान है.

Q13. वॉल स्ट्रीट जर्नल के आंकड़ों के मुताबिक कौन सा देश इस वर्ष की पहली छमाही में अमेरिका का शीर्ष कारोबारी साझेदार बन गया है?

क. फ्रांस

ख. चीन

ग. मेक्सिको

SarkariExam.Com

घ. ईरान

वॉल स्ट्रीट जर्नल के आंकड़ों के मुताबिक हाल ही में मेक्सिको इस वर्ष की पहली छमाही में अमेरिका का शीर्ष कारोबारी साझेदार बन गया है. जबकि दुसरे स्थान पर कनाडा आ गया है. ट्रेड वॉर की वजह से चीन फिसलकर तीसरे स्थान पर पहुच गया है.

Q14. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का कौन सा खिलाडी हाल ही में टेस्ट में सबसे तेज 24 शतक लगाने वाला दूसरा बल्लेबाज बन गया है?

क. डेविड वार्नर

ख. डेविड मिलर

ग. स्टीव स्मिथ

घ. जेम्स एड्रेसकी

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के स्टीव स्मिथ एशेज सीरीज के पहले टेस्ट मैच में अपना 24वां शतक लगाकर हाल ही में टेस्ट में सबसे तेज 24 शतक लगाने वाले दुसरे बल्लेबाज बन गया है. उनसे पहले यह रिकॉर्ड महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के नाम है.

SarkariExam.Com

Q15. हाल ही में किसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के चेयरमैन की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी है?

क. संदीप अगरवाल

ख. संजय दीप

ग. सुदीप शर्मा

घ. अनुज अग्रवाल

हाल ही में अनुज अग्रवाल को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के चेयरमैन की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी है. अनुज अग्रवाल का कार्यकाल 01 अगस्त 2019 से प्रभावी हो गया है. वे एएआई के निदेशक मंडल में मानव संसाधन सदस्य हैं.

Q16. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने _____ में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग विधेयक-2019 पेश किया जिसे मंजूरी मिल गयी है?

क. लोकसभा

ख. राज्यसभा

ग. सुप्रीमकोर्ट

घ. हाईकोर्ट

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने हाल ही में राज्यसभा में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग विधेयक-2019 पेश किया जिसे मंजूरी मिल गयी है. इस विधेयक में चिकित्सा क्षेत्र एवं चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के नियमन के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद की जगह एनएमसी (नेशनल मेडिकल कमीशन) के गठन का प्रस्ताव है.

SarkariExam.Com

Q17. इनमे से किसने मैच फिक्सिंग का दोषी पाए जाने पर किर्गिस्तान के तीन फुटबॉल खिलाडी और ताजिकिस्तान के एक खिलाड़ी पर आजीवन प्रतिबंधित लगा दिया है?

क. बीसीसीआई

ख. आईसीसी

ग. एशियन फुटबॉल कंफेडरेशन

घ. फीफा

एशियन फुटबॉल कंफेडरेशन ने हाल ही में मैच फिक्सिंग का दोषी पाए जाने पर किर्गिस्तान के तीन फुटबॉल खिलाडी और ताजिकिस्तान के एक खिलाड़ी पर आजीवन प्रतिबंधित लगा दिया है. किर्गिस्तान के राष्ट्रीय खिलाड़ी कुर्सानबेक शेरातोव, इलियाज एलिमोव और अब्दुआजीज माहकामोव पर आजीवन प्रतिबंधित लगाया गया है.

Q18. इस वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के किस बैंक को 2,312.20 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है?

क. केनरा बैंक

ख. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ग. भारतीय स्टेट बैंक

घ. यस बैंक

इस वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक को 2,312.20 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है. जबकि पिछले वर्ष जून तिमाही में बैंक

SarkariExam.Com

को 4,875.85 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था. एनपीए घटने और आय बढ़ने की वजह से एसबीआई को प्रॉफिट को हुआ है.

Q19. भारत के किस वरिष्ठ पत्रकार को प्रतिष्ठित 'रेमन मैग्सेसे' सम्मान 2019 के नामित किया गया है?

क. संदीप कुमार

ख. उमेश यादव

ग. रवीश कुमार

घ. संजय वर्मा

भारत के वरिष्ठ पत्रकार रवीश कुमार को प्रतिष्ठित 'रेमन मैग्सेसे' सम्मान 2019 के नामित किया गया है. यह पुरस्कार एशिया में साहसिक एवं परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया जाता है. रवीश कुमार हिन्दी न्यूज़ चैनल एनडीटीवी इंडिया के सबसे प्रमुख चेहरा हैं.

Q20. मोहम्मद आमिर के बाद किस देश की क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज वहाब रियाज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है?

क. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

ख. पाकिस्तान क्रिकेट टीम

ग. साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम

घ. भारतीय क्रिकेट टीम

SarkariExam.Com

मोहम्मद आमिर के बाद हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज वहाब रियाज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है. वे अभी कनाडा में टी-20 लीग खेल रहे हैं. उन्होंने अपने 10 वर्ष के टेस्ट कॅरियर में 27 टेस्ट ही खेले और 83 विकेट लिए है.

SarkariExam.Com